
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यवाही करने के निर्देश

**निर्देश**

## विभिन्न प्रतिष्ठानों में प्रतिस्थापित किये गये कंप्यूटरों का निरीक्षण

■ प्रत्येक प्रतिष्ठान में अवस्थित कंप्यूटरों के साथ इंटरनेट सेवा भी चालू करें



**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को जिला कार्यालय परिसर अवस्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों को ई-ऑफिस से संचालित किये जाने के लिए कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कार्यालय के विभिन्न प्रतिष्ठानों में जाकर सम्बन्धित कर्मचारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यवाही करने तथा आ रहे गतिरोधों को दूर करने के लिए ई-डिस्ट्रीक्ट मैनेजर एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को संचालन प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने जिला कार्यालय के विभिन्न प्रतिष्ठानों में प्रतिस्थापित किये गये कंप्यूटरों का निरीक्षण किया तथा विभागीय कार्मिकों को आगामी 30 जून, 2020 तक ई-ऑफिस की प्रक्रिया में भिज्ञ होने को कहा। उन्होने कहा कि अब प्रत्येक फाईल पर अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएँ आनलाइन शुरू कि जायें ताकि फाईलो की गतिविधियों की जानकारी ई- ऑफिस के माध्यम से उनके संज्ञान में आ सके।

जिलाधिकारी ने ई-डिस्ट्रीक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक प्रतिष्ठान में अवस्थित कंप्यूटरों के साथ इंटरनेट सेवा भी चालू करें तथा सम्बन्धित कार्मिकों को उसके संचालन की जानकारी भी प्रयोगात्मक रूप से अवगत करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि आज से आगामी 30 जून, 2020 तक ई-ऑफिस सम्बन्धी सभी जानकारियॉं प्राप्त करने तथा उन्हें मूर्त रूप में देना सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों को ई-ऑफिस सम्बन्धी कार्यवाहियों को तेजी से चलाने तथा आ रहे विभिन्न गतिरोधों को भी समय रहते दूर करने को कहा ताकि निर्धारित समय में ई-ऑफिस के माध्यम से आमजनमानस को शासकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरविंद कुमार पाण्डेय, नाजिर सुरेश कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी भास्कर सिंह कुलियाल, ई डिस्ट्रीक्ट मैनेजर सुरेश सिंह समेत राजस्व विभाग के विभिन्न प्रतिष्ठानों के कार्मिक उपस्थित रहें।

## न्यूज डायरी

### हैंड पंप का पानी भरने को लेकर विवाद,एसडीएम से मिली महिलाएं

**संवाददाता** पुरोला। नगर पंचायत वार्ड नंबर चार में निवास कर रहे परिवारों में कोरोना महामारी संक्रमण को लेकर डर के साथ ही जागरूकता इस कदर है कि वार्ड में 2 दिन पूर्व एक परिवार में दिल्ली व मुजफ्फर नगर से आए रिश्तेदारों में कहीं कोरोना संक्रमण न हो के डर के चलते हेंडपंप से पानी भरनें को लेकर वार्ड के अन्य परिवारों में विवाद हो रहा है। इसी को लेकर वार्ड के अन्य परिवारों ने सोमवार को एसडीएम मनीष कुमार से मुलाकात कर बहार से आये रिश्तेदारों व परिवार के लिए अलग से पानी की व्यवस्था करने की मांग व मुजफ्फरनगर व दिल्ली से आये संदिग्धों को पंचायत क्वॉरेंटाइन,परिवार को होम कोरटाईन करनें की मांग की है। उधर एसडीएम मनीष कुमार ने बताया कि बाहर से आये लोगों को पंचायत कोरटाईन किया गया है व पानी की भी व्यवस्था की जा रही है।

### विस अध्यक्ष ने रक्षा मंत्री का आभार जताया

**संवाददाता** देहरादून। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज उत्तराखंड वर्चुअल रैली के माध्यम से संबोधन के दौरान कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में बनाए गए कोविड केयर सेंटर की सराहना की, जिसके लिए विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार व्यक्त किया है। अवगत कराना है कि रक्षा मंत्री ने जनसंवाद के माध्यम से उत्तराखंड राज्य में कोरोना संक्रमण के राहत एवं बचाव कार्य के संबंध में भी अपने विचार रखे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा के भवन में बनाए गए कोविड केयर सेंटर का केंद्र की एक टीम के द्वारा निरीक्षण करने पर प्रशंसा की गई है जिसके लिए रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को बधाई भी दी।

### भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस की प्रीमियम आय में 38 प्रतिशत 38 प्रतिशत की वृद्धि

**संवाददाता** देहरादून।भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस, भारत के अग्रणी बिजनेस समूहों में से एक, भारती इंटरप्राईजेस और दुनिया की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एक्सा के बीच संयुक्त उपक्रम ने आज बताया कि कंपनी ने वित्तवर्ष 2019-20 में अपनी प्रीमियम आय में 38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कंपनी का ग्रॉस रिटन प्रीमियम (जीडब्लूपी) 2018-19 में 2,285 करोड़ रु. से 38 प्रतिशत बढ़कर 2019-20 में 3,157 करोड़ रु. हो गया। श्री संजीव श्री निवासन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर, भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस ने कहा, ''हमें वित्तवर्ष 2019-20 में उद्योग के मुकाबले ज्यादा तीव्र वृद्धि दर्ज करने और व्यवसाय के मुख्य परिमापों में स्थिर वृद्धि का प्रदर्शन करने की खुशी है।

## कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन में किया तिरंगा प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन में एक तिरंगा प्रदर्शन किया, जिसमें बड़ी संख्या में भारत के ध्वज को लहराया गया। आज युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नेगी ने बताया कि युवा कांग्रेस जिस प्रकार से नेपाल ने अपने मानचित्र में भारतीय भूभाग को अपना दर्शाया है इससे भारत सरकार की कमजोर विदेश नीति उजागर होती है इसी के विरोध में युवा कांग्रेस कांग्रेस भवन प्रांगण में ही तिरंगा विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि क्योंकि भारत के जिस भूमाग को नेपाल अपना बता रहा है उसका अधिकांश हिस्सा उत्तराखंड की सीमा से लगा हुआ है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री द्वारा इस मुद्दे पर कोई भी बयान ना आना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है इसका लगातार विरोध किया जायेगा साथ ही जरूरत पड़ी तो इसके लिए आंदोलन भी किया जायेगा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।





# एक माह पूर्व दिल्ली से आये ढकाडा गांव के युवक की मौत

**संवाददाता**

पुरोला। एक माह पूर्व प्रखंड के ढकाडा गांव में दिल्ली से आये एक युवक की रविवार को दून ले जाते रास्ते में डामटा के पास मौत हो गई। युवक दिल्ली में एक प्रावेट कंपनी में काम करता था तथा घर आने पर 14 दिन कोरटाईन भी रखा गया था।

■एक माह पूर्व आया था घर,दिल्ली में प्रावेट कंपनी में करता था नौकरी।
■28 मई को आया था गांव,14 दिन कोरटाईनों रहा
■रविवार को गांव में अचानक तबीयत बिगडी, सीएचसी में प्राथमिक उपचार कर दून रेफर।

तहसील मुख्यालय पुरोला से 10 किमी दूरी पर स्थित ढकाडा निवासी 27 वर्षीय महिपाल सिंह पुत्र बरजीत सिंह दिल्ली के द्वारिका में एक नीजि कंपनी में नौकरी करता था,28 मई को निजी वाहन से गांव आया था। जिसे 14 दिन के लिए राजकीय बालिका इंटरकालेज पुरोला में कोरटाईन किया गया था जबकि कोरटाईन के बाद 11 जून को घर चला गया था कि रविवार 14 जून को गांव में खेलते वक्त उसने सीने में दर्द की शिकायत कर अचानक तबियत बिगड़ गई तथा परिजनों ने उसे सीएचसी पुरोला लाय जंहा से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया जंहा रास्ते में



डामटा के पास उसने दम तोड दिया।

उधर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 पंकज कुमार ने बताया कि रविवार को युवक को सीने में दर्द की शिकायत पर सीएचसी लाया गया था जंहा उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए देहरादून रेफर किया गया था,युवक पहले ही 14 दिन कोरटाईन भी रखा गया था,युवक की विस्तृत जानकारी जुटाने को डाक्टरों टीम को ढकाडा भेजा गया है।

## प्रधानों ने की ग्राम विकास अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग

**संवाददाता** पुरोला। विकास खण्ड पुरोला के प्रधान सङ्गठन ने ग्राम विकास अधिकारीयो की कार्यप्रणाली को लेकर रोष जताते स्थानांतरण की मांग की है। मामले को लेकर प्रधान सङ्गठन ने उपजिलाधिकारी मनीष कुमार के माध्यम से जिला विकास अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि विकास खंड में कई ग्राम विकास अधिकारी काफी लंबे समय से एक ही स्थान पर बने हुए जिससे क्षेत्र के विकास कार्यो की पारदर्शिता में संदेह बना रहता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि ग्राम विकास अधिकारियों सहूलियत के लिये अपने घर पर ही कार्यालय खोल रखा है और घर से कार्यलय को संचालीत कर रहे हैं जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में कहा गया है कि लंबे समय से एक स्थान पर रूके ग्राम विकास अधिकारियो का जल्द स्थान्तरण किया जाये तथा कर कार्यालय न्याय पंचायत से संचालीत किये जायें। प्रधान संगठन ने चेतावनी दी कि कहा है कि स्थान्तरण न होने पर संगठन आंदोलन व कार्य वहिष्कार के लिए बाध्य होगा।